संक्षिप्त

मुख्य गलियों में जलभराव की समस्या

अरजनसर । यहां कस्बे की मुख्य गलियों में हल्की बारिश भी बड़ी समस्या बन गई है। गौरव पथ रोड सहित कई प्रमुख रास्तों पर पानी भर जाने से पूरे इलाके में कीचड़ और गंदगी फैल जाती है। इससे पैदल आवागमन मुश्किल हो गया है। कस्बे की मुख्य गलियों में जल निकासी की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। जगह-जगह बरसाती पानी जमा होने से रास्ते अवरुद्ध हो जाते हैं। स्कूली बच्चों को भी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे दुर्घटनाओं और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। स्थानीय निवासी भवानी जस्सू ने बताया कि थोड़ी सी बारिश होने पर भी गलियां पानी से भर जाती हैं। यह आसपास के घरों के लिए बड़ी समस्या है। गंदे पानी में मच्छर पनपते हैं, जिससे बीमारियों के फैलने का डर रहता है। हाल ही में हुई बारिश के बाद स्थिति और बिगड़ गई है। सड़कों पर जमा कीचड़ से लोगों के फिसलने का खतरा बना हुआ है। लगातार जमा पानी से उठ रही दुर्गंध और मच्छरों के प्रकोप से मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई बार शिकायतें करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ है। जिम्मेदार विभाग ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

जगमाल सिंह राठौड़ को श्रद्धांजलि

बीकानेर, (निसं)। बीकानेर के सम्मानित सैन्य अधिकारी ब्रिगेडियर जगमाल सिंह राठौड़ के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल की ओर से भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री पंकज अग्रवाल व निजी सचिव रवि अग्रवाल ने पहुंचकर पुष्पचक्र अर्पित किया एवं भावभीनी श्रद्धांजलि दी। केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने संवेदनाएं परिजनों तक पहुंचाते हुए कहा कि ब्रिगेडियर जगमाल सिंह राठौड़ का जीवन राष्ट्रसेवा, अनुशासन और समर्पण का प्रेरणास्रोत रहा भारतीय सेना में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा बीकानेर ने एक गौरवशाली व्यक्तित्व को खोया है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। उनका निधन समाज एवं सैन्य परंपरा के लिए अपूरणीय क्षति है।

बाल विकास कार्यक्रम का आयोजन

बीकानेर, ।विश्वविद्यालय सामाजिक दायित्व के तहत डेयरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, बीछवाल, बीकानेर द्वारा कतरियासर गांव की आँगनबाड़ी में मंगलवार को एकीकृत बाल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया। यु.एस.आर. समन्वयक डेयरी महाविद्यालय, बीकानेर डॉ. सुनिल कुमार ने एकीकृत बाल विकास के महत्व को बताते हुए कहा कि पोषक आहार के महत्व और स्वस्थ जीवनशैली के लिए आवश्यक आदतों पर जोर दिया। कार्यक्रम के आयोजन में संतोष देवी एवं अन्य आँगनबाड़ी कर्मचारियों का सहयोग रहा।

स्थापना दिवस मनाया

महाजन । कस्बे के रिद्धि सिद्धि विनायक जी मंदिर में भगवान श्री गणेश जी की मूर्ति प्रतिष्ठा के आठ वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर गणेश जी का पंचामृत से अभिषेक किया गया । पंडित विशाल कौशिक और पंडित जयप्रकाश बोहरा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा और पंचामृत अभिषेक संपन्न कराया। इस दौरान मंदिर में महिलाओं ने भजन-कीर्तन भी किया। मंदिर के पुजारी कृष्ण कांत जी महाराज ने बताया कि मंदिर की स्थापना वैशाख शुक्ल पक्ष त्रयोदशी-2017 को हुई थी। स्थापना के आठ वर्ष पूर्ण होने पर यह दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का समापन महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

गूजेंगे भजन कीर्तन

देशनोक । यहां चौपानियों का बास स्थित चतुर्भुज भगवान मंदिर में भगवान नरसिंह जयंती के अवसर पर विशेष धार्मिक आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम गुरुवार को निर्धारित है। मंदिर परिसर में सुबह 8 से 9 बजे तक राम नाम का जाप होगा। इसके बाद शाम 7 बजे विशेष आरती का आयोजन किया जाएगा। आरती के समापन के बाद उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। मंदिर समिति और स्थानीय श्रद्धालुओं ने इस आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से अपील की है कि वे समय पर पहुंचकर राम नाम जाप और आरती में भाग लें और प्रसाद ग्रहण करें।

बाजार में रात्रिकालीन सफाई शुरू होगी

■ बेसहारा पशुओं को नंदीशाला भिजवाया जाएगा

श्रीगंगानगर, शहर में बाजार क्षेत्र में रात्रिकालीन सफाई शुरू की जाएगी। नगरपरिषद ने शहर के सभी प्रवेश द्वारों, मुख्य सड़कों और डिवाइडरों की सफाई बढ़ाने का भी फैसला किया है। घर-घर कचरा संग्रहण को शत-प्रतिशत करने और स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। यह निणर्य नगरपरिषद आयुक्त राकेश कुमार रंगा की अध्यक्षता में परिषद सभागार में हुई विशेष बैठक में लिया गया। बैठक में स्वच्छता व्यवस्था और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश भी दिए गए।

यह भी निर्देश दिए गए: स्वच्छता सर्वेक्षण में सिटीजन फीडबैक बढ़ाए जाएं, कचरा सड़क पर फेंकने वालों पर जुर्माना लगाया जाए। विभिन्न स्थानों पर रंगोली बनाई जाए, घर-घर कचरा संग्रहण वाहन ट्रॉली/ऑटो टिप्पर द्वारा सुचारू रूप से प्रत्येक घर से कचरा संग्रहण करें। कचरा बीनने वालों का रजिस्ट्रेशन किया जाए। वाहनों पर जीपीएस सिस्टम लगाए जाएं। रोड चिन्हित किए जाएं। एंट्री पॉइंट्स की सफाई करवाई जाए। सामुदायिक सार्वजनिक शौचालय की प्रतिदिन दो बार सफाई की जाए। बेसहारा पशुओं को पकड़कर गोशाला भेजा जाए।बैठक में एक्सईएन मंगतराय सेतिया, एएफओ अमरेन्द्र सिंह, एईएन सुमित माथुर और स्वास्थ्य अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह राठौड़ मौजूद रहे।

बैठक के बाद एडीएम सुभाष कुमार ने भी नगरपरिषद आयुक्त राकेश कुमार के साथ बैठक की। उन्होंने जल्द से जल्द शहर को साफ-सुथरा बनाने के निर्देश दिए। 5. राजस्व प्रबंधन: परिषद की आय व राजस्व प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए आयुक्त ने नए भवनों के सर्वे का कार्य शुरू करने को कहा है। पट्टे बनाए जाएं। लैंड यूज चेंज किया जाए। गंदगी फैलाने वालों से जुर्माना वसूला जाए। आवासीय से व्यावसायिक का सर्वे किया जाए। नगरपरिषद के पास आय होगी। तभी शहर में अच्छे से विकास कार्य करवाए जा सकेंगे।

आयुक्त राकेश कुमार ने कहा कि नगरपरिषद का मूल काम सफाई व प्रकाश की व्यवस्था करना है। शहर में रात्रिकालीन सफाई के साथ-साथ सभी मार्गों, वार्डों में बेहतर सफाई कराई जाए। बेसहारा पशुओं को पकड़कर नंदी व गोशालाओं में भिजवाया जाए। डिवाइडरों के साथ मिट्टी का उठाव किया जाए। घर-घर कचरा संग्रहण कार्य शत-प्रतिशत पूरा हो। सभी स्ट्रीट लाइटें दुरुस्त की जाएं।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगरपरिषद की स्थिति पर आयुक्त ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि सरकार से 1000 का टारगेट मिलता है। फिर 1000 फॉर्म पर ही फोकस क्यों रखा जाता है। पांच गुना लोगों से आवेदन लिए जाएं। कई लोगों के दस्तावेजों में कमी होगी। ऐसे में भी टारगेट 100 प्रतिशत पूरा हो जाएगा। ाायुक्त ने स्वास्थ्य अधिकारी से कहा कि बीते वर्षों में शहर की स्वच्छता रैंकिंग बेहद निराशाजनक रही है। परिषद बेहतर काम करेगी। लोग भी स्वत: ही परिषद के कामकाज में सहयोग करने लगेंगे। जगह-जगह बनाए गए अस्थायी डंपिंग प्वाइंट्स को समाप्त किया जाए। वहां सुंदर पेंटिंग की जाए। दुकानें खुलने के बाद भी सफाई होनी चाहिए।

नगरपरिषद के तकनीकी अधिकारियों से कहा गया कि मानसून में अधिक समय नहीं रहा है। ऐसे में सभी गड्ढों पर मोटरों को समय से पूर्व दुरुस्त करवा दिया जाए। लिंक चैनल को जाने वाली लाइन में एयर वॉल्व ठीक किए जाएं। टूटी सड़कों को दुरुस्त किया जाए। मानसून से पहले सभी नालों की अच्छे से सफाई हो जानी चाहिए। अधिकारी कार्य की मॉनिटरिंग भी करें।

कृषि केंद्र का निरीक्षण

हनुमानगढ़,। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर के कुलगुरु प्रो. आरबी दुबे ने बुधवार को हनुमानगढ़ में कृषि कॉलेज एवं कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय किसानों की जरूरतों के अनुरूप बीज उत्पादन बढ़ाने पर विशेष जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान कृषि कॉलेज के डॉ. हनुमान राम ने संस्थान की उपलब्धियों, अनुसंधान कार्यों और चल रही गतिविधियों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कुलगुरु प्रो. दुबे ने प्रतिवेदन का अवलोकन करते हुए निर्देश दिए कि अनुसंधान उपकेन्द्र में ऐसे बीज उत्पादन कार्यक्रम संचालित किए जाएं, जो क्षेत्र के किसानों की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप हों। उन्होंने प्रजनक बीज के उत्पादन में वृद्धि करने पर भी जोर दिया, ताकि किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराया जा सके।

कुलगुरु ने कहा कि कृषि क्षेत्र में बढ़ती चुनौतियों के बीच अनुसंधान की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। ऐसे में वैज्ञानिकों को स्थानीय परिस्थितियों और फसलों की जरूरतों के अनुसार नवाचार पर ध्यान देना चाहिए। इससे न केवल उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि किसानों की आय में भी सुधार होगा।

90 वर्षीय बुजुर्ग महिला को दोहिता और पड़दोहिता आश्रम में छोड़ गए

■ आश्रम के संचालक महेश पेड़ीवाल बताते हैं कि बुजुर्ग माता की 5 लड़कियां हैं

श्रीगंगानगर । यहां 90 वर्षीय शांति देवी (परिवर्तित नाम) न ठीक से देख पाती हैं, न ही सुन पाती हैं। सहारे के बिना उठ-बैठ भी नहीं सकतीं। उम्र के इस पड़ाव में याददाश्त कमजोर हो चुकी है। इन्हें यह तक पता नहीं कि अब वे कहां हैं। एक ही बात दोहराती रहती हैं कि मुंडा (बेटा) दुकान गया है। वही उन्हें लेकर जाएगा। बड़ी बात यह है कि बुजुर्ग माता को उनके दोहिता व पड़ दोहिता सोमवार को मिर्जेवाला मार्ग स्थित तपोवन महिला आश्रम में छोड़कर गए हैं।

आश्रम के संचालक महेश पेड़ीवाल बताते हैं कि बुजुर्ग माता की 5 लड़कियां हैं। इनमें से 3 का देहांत हो चुका है। वे एक बेटी के पास रह रही थीं। उसका भी हाल ही में निधन हो गया। दोहिते की पत्नी का भी देहांत हो गया। दोहिता शहर में ही एक कपड़े की दुकान पर काम करता है। ऐसे में घर में शांति देवी का ध्यान रखने वाला कोई नहीं रहा। इस पर दोहिते व पड़दोहिते ने आश्रम में छोड़ने का निणर्य लिया। तपोवन महिला आश्रम को शुरू हुए केवल 3 साल हुए हैं। यूपी, बंगाल, ओडिशा, बिहार, पंजाब व राजस्थान की विभिन्न जगहों से अब तक 200 से ज्यादा महिलाएं आश्रम में आ चुकी हैं। इनमें से 70 महिलाएं ऐसी भी हैं, जिनके बारे में पता नहीं चल सका है। 100 के लगभग महिलाओं का पुनर्वास करवाया जा चुका है। आश्रम में निवासरत 5 महिलाओं की डिलीवरी हुई।

वहीं, एक 6 साल की बच्ची को गांव 2 सी के राजकीय स्कूल में दाखिला कराया गया है। पेड़ीवाल बताते हैं कि आश्रम में आने वाली महिलाएं मानसिक रूप से कमजोर होती हैं। अच्छी देखभाल कर उनसे परिवार के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास रहता है। मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह योजना राज्य सरकार की ओर से बेघर, वृद्ध, असहाय, कामकाजी महिलाओं के लिए शुरू की गई है। इसका उद्देश्य उन्हें सुरक्षित आवास, भोजन, सम्मानजनक जीवन प्रदान करना है। अपना घर संस्था की तर्ज पर शुरू की गई इस योजना में प्रत्येक जिले में 75-75 क्षमता के पुनर्वास गृह स्थापित किए जा रहे हैं।

समयबद्ध निस्तारित हों राजस्व न्यायालयों के प्रकरण

■ कलक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

बीकानेर । जिला कलक्टर निशांत जैन ने बुधवार को राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि समस्त राजस्व अधिकारी यह सुनिश्चित करें उनके न्यायालयों में दर्ज परिवाद समयबद्ध निस्तारित हों। उन्होंने कहा कि उपखण्ड क्षेत्र के प्रशासनिक मुखिया के तौर पर प्रत्येक उपखण्ड अधिकारी अपने क्षेत्र में प्रशासनिक प्रबंधन, कानून व्यवस्था संधारण, बजट घोषणा क्रियान्वयन, मौसमी बीमारियों के प्रबंधन, संपर्क पोर्टल प्रकरण निस्तारण सहित प्रत्येक बिंदु पर नजर बनाए रखें, जिससे आमजन को राहत मिले।

जैन ने कहा कि प्रत्येक न्यायालय में लंबित पुराने प्रकरणों को 'माइलस्टोन' निर्धारित कर प्राथमिकता से निस्तारित किया जाए। कोई भी प्रकरण बेवजह लंबित नहीं रहे, इसलिए राजस्व अधिकारी नियमित सुनवाई करें। उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों तथा सहायक कलक्टर न्यायालयों में दर्ज, निस्तारित और लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और कहा कि इस संबंध में राज्य सरकार के आदेशों की अक्षरश: पालना करें। इसकी उच्च स्तर पर नियमित समीक्षा होती है। अत: अगली बैठक से पूर्व संतोषजनक संख्या में प्रकरणों को निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

जिला कलक्टर ने माता पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम-2007 के तहत दायर एवं निस्तारित प्रकरणों की जानकारी ली तथा बीकानेर उपखण्ड अधिकारी को इन प्रकरणों के निस्तारण पर अधिक ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने आम रास्ता/सीलिंग कानून, धारा 90-ए एलआर एक्ट के तहत अतिक्रमण, खातेदारों की सहमति पर संयुक्त खातें की भूमि के बंटवारे, धारा 91 एलआर एक्ट के तहत अतिक्रमण मामले सहित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की। जिला कलक्टर ने कहा कि राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के समयबद्ध निस्तारण के साथ उच्च न्यायालय तथा अधीनस्थ न्यायालयों के प्रकरणों के जवाब भी समयबद्ध भिजवाए जाएं।

जिला कलक्टर ने कहा कि राजस्व अधिकारी क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारी के रूप में भी पूर्ण गंभीरता से कार्य करें। नॉर्म्स के अनुसार दौरे, जनसुनवाई, निरीक्षण एवं रात्रि चौपाल करें। नियमित रूप से साप्ताहिक समीक्षा बैठकें लें। पानी एवं विद्युत आपूर्ति, मौसमी बीमारियों के प्रबंधन, आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्वास्थ्य केन्द्रों, विद्यालयों, राशन की दुकानों, अन्नपूर्णा रसोइयों आदि की व्यवस्था संधारण सुनिश्चित करें। बजट घोषणाओं की समयबद्ध पालना सुनिश्चित करें। साथ ही संपर्क पोर्टल के प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण, बजट घोषणाओं की क्रियन्विति सहित प्रत्येक बिंदु की नियमित समीक्षा करें। जिला कलक्टर ने कहा कि प्रत्येक उपखण्ड क्षेत्र के अधिकारी परस्पर समन्वय रखें। आपदा प्रबंधन से जुड़े प्रकरणों, फार्म रजिस्ट्रीकरण, एचपीवी वैक्सीनेशन, कोलायत में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम क्रियान्वयन, बजट घोषणाओं के तहत लंबित भू आवंटन एवं लंबित प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) सुरेश कुमार यादव सहित समस्त राजस्व अधिकारी मौजूद रहे।

वैज्ञानिक ने दिया मृदा स्वास्थ्य उपयोग का संदेश

बीकानेर, । -राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र (एनआरसीसी), बीकानेर द्वारा 'मेरा गांव मेरा गौरव' (एमजीएमजी) कार्यक्रम के अंतर्गत आज बीकानेर जिले के जोड़बीड़ ग्रामीण क्षेत्र में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की मुहिम 'मृदा स्वास्थ्य एवं संतुलित उर्वरक उपयोग' जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत किसानों को मृदा संरक्षण, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, टिकाऊ कृषि पद्धतियों तथा वैज्ञानिक खेती के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर लगभग 50 किसानों ने सहभागिता निभाई, जिसमें महिला किसानों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को और अधिक सार्थक बनाया।

इस अवसर पर केन्द्र के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. राकेश रंजन ने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि परिषद की यह जागरूकता मुहिम किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग तथा वैज्ञानिक खेती की समग्र जानकारी देकर टिकाऊ एवं लाभकारी कृषि की मजबूत आधारशिला तैयार कर रही है। इस अवसर पर केन्द्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक (एग्रोनॉमी) एवं नोडल अधिकारी (एमजीएमजी) डॉ. प्रियंका गौतम ने विषयगत जानकारी देते हुए किसानों को आवश्यकता आधारित उर्वरक उपयोग, उपयुक्त फसल चयन, फसल चक्र अपनाने तथा मृदा पोषण प्रबंधन के माध्यम से कृषि उत्पादन में सुधार हेतु व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया।

केन्द्र निदेशक डॉ. अनिल कुमार पूनिया ने वैज्ञानिकों के माध्यम से किसानों तक अपना संदेश पहुंचाते हुए कहा कि परिषद के एमजीएमजी कार्यक्रम के अंतर्गत 'संतुलित उर्वरक उपयोग' अभियान द्वारा किसानों के द्वार तक खेती से जुड़ी आधारभूत एवं उपयोगी वैज्ञानिक जानकारी पहुंचाकर उनकी आजीविका को सशक्त, कृषि को अधिक लाभकारी तथा देश को आत्मनिर्भरता की दिशा में और अधिक मजबूत बनाने का सतत प्रयास किया जा रहा है। केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. श्याम सुंदर चौधरी ने कार्यक्रम के आयोजन, समन्वय एवं किसानों तक वैज्ञानिक जानकारी के प्रभावी संप्रेषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं मनजीत सिंह, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी ने जागरूकता अभियान कार्यक्रम से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में सहयोग प्रदान किया। जोड़बीड़ ग्रामीण क्षेत्र के किसानों ने इस ज्ञानवर्धक एवं कृषि लाभकारिता से जुड़े जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन हेतु एनआरसीसी के प्रति आभार व्यक्त किया।

एचपीवी टीकाकरण और टीबी मुक्त अभियान में तेजी लाने के निर्देश

बीकानेर । प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दंतौर में खाजूवाला ब्लॉक की मासिक स्वास्थ्य मंथन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सी. एस. मोदी और खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अश्विनी कुमार द्वारा की गई। बैठक से पूर्व अधिकारियों ने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया, जिसमें साफ-सफाई, दवाइयों की उपलब्धता, लू से बचाव के लिए बनाए गए विशेष वार्ड और रिकॉर्ड का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डॉ. सी. एस. मोदी ने एचपीवी टीकाकरण अभियान की समीक्षा करते हुए 30 अप्रैल तक शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 14 से 15 वर्ष तक की पात्र बालिकाओं का टीकाकरण सुनिश्चित कर अभिभावकों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के प्रति जागरूक किया जाए। साथ ही टीबी मुक्त ग्राम पंचायत की 100 दिवसीय कार्य योजना को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बढ़ती गर्मी और लू के प्रभाव को देखते हुए डॉ. अश्विनी कुमार ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम और हीट वेव प्रबंधन पर चर्चा की। उन्होंने आमजन को पर्याप्त पानी पीने और धूप से बचाव के लिए जागरूक करने तथा स्वास्थ्य केंद्रों पर शीतल जल व अन्य जरूरी इंतजाम रखने के निर्देश दिए।

बैठक में हेड काउंट सर्वे की प्रगति की भी समीक्षा की गई और सर्वे कार्य को समय पर पूरा करने को कहा गया। बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संकेतकों की समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। राजस्थान सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं जैसे लाडो प्रोत्साहन योजना और जननी सुरक्षा योजना के लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए गए। जीवराज सिंह ने ई-संसाधन और अन्य डिजिटल पोर्टल पर समय पर रिपोर्टिंग करने के बारे में जानकारी दी।

सांखला फाटक पर लगेंगे छाया टैंट

बीकानेर । यहां कोटगेट और केईएम रोड पर स्थित दोनों रेलवे फाटकों पर भरी धूप में खड़े रहने वाले राहगीरों को राहत मिलेगी। जिला प्रशासन दोनों क्रासिंग पर छाया के लिए एक बार फिर टैंट की व्यवस्था करने वाला है। इसके लिए संबंधित विभागों को दिशा निर्देश दिए गए हैं।

जिला कलेक्टर निशांत जैन से इस मुद्दे पर कुछ दिन पहले व्यापार मंडल के पदाधिकारी मिले थे और अब देहात भाजपा ने यहीं मांग रखी है। जिला कलेक्टर ने मंगलवार को इस बारे में त्वरित कार्रवाई के दिशा निर्देश दिए हैं। दरअसल, बीकानेर के कोटगेट और सांखला फाटक क्रासिंग दिन में कई बार बंद होते हैं। ऐसे में पंद्रह से मिनट तक राहगीरों को भरी धूप में कई बार खड़ा होना पड़ता है। ऐसे में पिछले साल भी यहां पर टैंट लगाए गए थे, जिसकी काफी सराहना की गई। अब एक बार फिर टैंट लगाने की तैयारी की जा रही है।

औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए कलेक्टर से की वार्ता

■ व्यापारियों एवं उद्योगपतियों को निरंतर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है

बीकानेर । व्यापार उद्योग मंडल के अध्यक्ष जुगल राठी व प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर निशांत जैन से भेंट कर शोभासर बदरासर इंडस्ट्रीज एरिया में आ रही विभिन्न समस्याओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की।प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को अवगत कराया कि शोभासर औद्योगिक क्षेत्र में अनेक औद्योगिक एवं वाणिज्यिक इकाइयाँ संचालित होने के बावजूद आधारभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है, जिससे व्यापारियों एवं उद्योगपतियों को निरंतर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

वार्ता के दौरान निम्न प्रमुख समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया-जल आपूर्ति की समस्या: क्षेत्र में नियमित पेयजल एवं औद्योगिक जल आपूर्ति का अभाव है।रोड लाइट की कमी: पर्याप्त स्ट्रीट लाइट व्यवस्था नहीं होने से रात्रि में आवागमन एवं सुरक्षा प्रभावित होती है।बिजली ट्रिपिंग की समस्या: हाई वोल्टेज लाइनों के नीचे पेड़ों के कारण बार-बार बिजली बाधित होती है।बैंकिंग सुविधाओं का अभाव: क्षेत्र में बैंक शाखा या एटीएम की सुविधा उपलब्ध नहीं है।प्राथमिक चिकित्सा सुविधा का अभाव: आकस्मिक परिस्थितियों के लिए कोई डिस्पेंसरी उपलब्ध नहीं है। प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर से अनुरोध किया कि संबंधित विभागों-जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग विद्युत विभाग, नगर निगम, वन विभाग, बैंकिंग संस्थान एवं चिकित्सा विभाग-को आवश्यक निर्देश जारी कर इन समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए।जिला कलेक्टर श्री निशांत जैन ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर समस्याओं के समाधान हेतु सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया। शोभासर बदरासर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष मेघाराम गोदारा, सचिव विमल चांडक, उपाध्यक्ष संदीप बुडानिया, कोषाध्यक्ष दामोदर माहेश्वरी एवं सह सचिव लालचंद खीचड़-द्वारा क्षेत्र में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु व्यापार मंडल से वार्ता के संदर्भ में जिला कलेक्टर से वार्ता की गई । बीकानेर व्यापार उद्योग मंडल के सचिव संजय जैन सांड ने आशा व्यक्त की कि प्रशासन के सहयोग से शीघ्र ही शोभासर औद्योगिक क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं का समाधान होगा, जिससे क्षेत्र का समुचित विकास एवं व्यापारिक गतिविधियों में और अधिक गति आएगी।

तीन जगह की सघन कार्रवाई

बीकानेर, । घरेलू एलपीजी सिलेंडर्स के दुरूपयोग एवं अवैध भण्डारण की रोकथाम के लिए जिला कलेक्टर निशांत जैन के निर्देशानुसार रसद विभाग की टीम ने बुधवार अल सुबह विभिन्न स्थानों पर औचक कार्यवाहियां की।

निरीक्षण के दौरान सर्वोदय बस्ती स्थित मारुति वर्क्स नामक दुकान में अवैध रिफिलिंग व भण्डारण करते हुए पाया गया। इस दौरान 1 सिलेंडर, एक रिफिलिंग मशीन और एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा जब्त किया गया। इसी श्रृंखला में सर्वोदय बस्ती स्थित खिलजी टावर के सामने दुकान पर अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेंडर का भंडारण तथा रिफिलिंग की जा रही थी। यहां भी एक सिलेंडर, एक रिफिलिंग मोटर एवं एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा जब्त किया। इसी क्रम में करमीसर रोड स्थित एस स्कूल के पास दुकान पर अवैध रिफिलिंग व भण्डारण की जा रही थी। यहां भी एक सिलेंडर, एक रिफिलिंग मोटर एवं एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा जब्त किया। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि टीम द्वारा अवैध गैस भंडारण, घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग पर कार्रवाई की ।

सार-समाचार

शहर की सफाई के लिए नगर निगम का 'मेगा प्लान'

बीकानेर । शहर की चरमराई सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए नगर निगम ने नई कार्ययोजना तैयार की है। अब शहर के सभी 80 वार्डों में कचरा संग्रहण की पुख्ता मॉनिटरिंग होगी और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान के तहत अगले 10 दिनों में शहर के मुख्य स्थानों को चिन्हित कर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा।निगम की नई योजना के अनुसार अब प्रत्येक वार्ड में सुबह और शाम एक-एक ट्रिप ट्रैक्टर ट्रॉली का संचालन अनिवार्य कर दिया गया है। वार्ड जमादार को इन फेरों का भौतिक सत्यापन करना होगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि शहर के 100 प्रतिशत घरों से कचरा एकत्रित हो। इसके साथ ही डम्पिंग यार्ड में कचरे का वजन किया जाएगा और क्षमता से कम वजन मिलने पर संबंधित जमादार व स्वच्छता निरीक्षक की जिम्मेदारी तय होगी। ऑटो टिपर और अन्य वाहनों की लॉगबुक अब वीटीएस रिपोर्ट के आधार पर तैयार होगी। डोर-टु-डोर कचरा संग्रहण की गाडि़यां अब प्रतिदिन 4 से 5 घंटे (सुबह 7-10 और शाम 4-7 बजे) कार्य करेंगी। वहीं, जेसीबी और रोड स्वीपर को 8 घंटे चलाना अनिवार्य होगा। कर्मचारियों को दोनों पारियों में अपनी हाजिरी ऐप के माध्यम से ग्रुप फोटो के साथ दर्ज करनी होगी। डम्पिंग यार्ड में बंद पड़े कैमरों को 24 घंटे के भीतर शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।आगामी 10 दिनों में 50-50 कर्मचारियों के दल बनाकर शहर के 40 से 50 मुख्य स्थानों पर विशेष सफाई की जाएगी । इसके अलावा, शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए जब्ती और शास्ति की कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए गए हैं । व्यावसायिक क्षेत्रों में 'नाइट स्वीपिंग' की योजना भी तैयार की जा रही है। नालियों की सफाई के बाद सिल्ट को सुखाने के बजाय उसे तुरंत उठवाने के निर्देश दिए गए हैं ताकि गंदगी न फैले ।कायर्योजना में स्पष्ट किया गया है कि यदि संसाधन निर्धारित समय तक कार्य नहीं करते हैं, तो स्वच्छता निरीक्षक, स्वास्थ्य अधिकारी और अधिशाषी अभियंता जिम्मेदार होंगे। इस स्थिति में निगम के डीजल की कटौती सीधे संबंधित कार्मिक के वेतन से की जाएगी। निजी संवेदकों के मामले में उनके बिलों से कटौती का प्रावधान किया गया है। एक दिन पहले आए डीएलबी के प्रमुख सचिव की खिंचाई के बाद मंगलवार को उपायुक्त यशपाल आहूजा ने सभी अधिकारियों के कार्य विभाजन करते हुए सख्ती बरतने के लिए कहा।

जन सहयोग से सुरक्षा मजबूत करने पर जोर दिया

नापासर। यहां थाने में सीएलजी सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने, आपसी समन्वय बढ़ाने तथा कानून-व्यवस्था को और बेहतर बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। थानाधिकारी सुषमा शेखावत ने कहा कि पुलिस और आमजन के बीच बेहतर तालमेल से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। उन्होंने विशेष रूप से नशे के बढ़ते प्रचलन पर चिंता जताते हुए कहा कि थाना क्षेत्र में नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यदि कहीं भी कोई व्यक्ति नशा बेचता या सेवन करता नजर आए तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि समाज को नशामुक्त बनाने के लिए जनजागरूकता जरूरी है और इसमें सीएलजी सदस्यों की भूमिका अहम है। बैठक में सदस्यों से अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत देने की अपील की गई। बैठक में बीकानेर देहात भाजपा जिला उपाध्यक्ष जसवंत दैया, भंवर लाल ढाका, गोपी किशन सोनी, पप्पू नाई,मुरली पन्नू, मनोहर चांवरिया, बेगाराम जाखड़, जीवनराम जाखड़ तेजरासर, बजरंग लाल कल्याणसर, प्रेम सारण गाढ़वाला सहित आसपास के क्षेत्रों के सीएलजी सदस्य मौजूद रहे। सभी ने अपने सुझाव रखे और क्षेत्र में शांति व सुरक्षा बनाए रखने में सहयोग का भरोसा दिलाया।

देर रात तक बिखेरे रंग

श्रीगंगानगर । यहां एक प्राइवेट यूनिवर्सिटी में आयोजित वार्षिक फेस्टिवल 'उड़ान' के दौरान पंजाबी सिंगर अफसाना खान ने लाइव परफॉर्मेंस दी। उनके स्टेज पर आते ही पूरा कैंपस जोश से भर गया और छात्र-छात्राएं डांस फ्लोर पर झूमने लगे। रात 8:30 बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम में अफसाना खान ने अपनी दमदार आवाज और एनर्जी से माहौल को पूरी तरह रंगीन बना दिया। उनकी पॉपुलर पंजाबी धुनों पर युवाओं ने जमकर डांस किया। मेडिकल फैकल्टी के छात्र-छात्राएं सबसे ज्यादा उत्साहित नजर आए और पूरे समय डांस फ्लोर पर बने रहे। अफसाना खान ने अपने सुपरहिट गानों के साथ कुछ इमोशनल ट्रैक्स भी पेश किए, जिससे माहौल कभी भावुक तो कभी जोश से भर गया। उन्होंने 'कोई सी', 'यार मेरा तितलियां वरगा', 'धक्का' और 'चलाकियां' जैसे फेमस गाने गाए, जिन पर स्टूडेंट्स ने जमकर थिरकते हुए एंजॉय किया। कुछ इमोशनल गानों पर कैंपस का माहौल भावुक भी हो गया, लेकिन जैसे ही बीट्स शुरू हुईं, पूरा माहौल फिर से पार्टी मोड में आ गया। कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। छात्रों ने बताया कि यह उनकी अब तक की सबसे शानदार लाइव परफॉर्मेंस में से एक रही। अफसाना खान की एनर्जी और परफॉर्मेंस ने पूरे कैंपस को रुकने नहीं दिया और हर कोई गानों में डूबा रहा।

युवक पर लाठी-डंडों से हमला

जसरासर । थाना क्षेत्र के लालासर साथरी गांव में एक युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। युवक पर लाठी-डंडों और चाकू से हमला किया गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने पीडित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि लालासर गांव निवासी 28 वर्षीय मनोज ने जसरासर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने बताया कि रात करीब 9 बजे वह एक शादी समारोह से खाना खाकर अपने खेत की ओर पैदल जा रहा था। गांव से बाहर निकलते ही पीछे से मोटरसाइकिल पर आए राधेश्याम और ओमप्रकाश जाट ने उसका रास्ता रोक लिया। तभी भंवरलाल भी वहां आ गया। मनोज ने आरोप लगाया कि तीनों आरोपियों ने लाठियों से उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की नीयत से हमला किया। इसी दौरान ओमप्रकाश ने उस पर चाकू से वार किया, जिससे उसके हाथ पर गंभीर चोट आई। मनोज के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गए। जाते समय आरोपियों ने युवक को जान से मारने की धमकी भी दी। पीडित मनोज ने यह भी आरोप लगाया है कि घटना के बाद से आरोपी गांव में मोटरसाइकिल लेकर घूम रहे हैं और लगातार उसे जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं, जिससे उसे अपनी जान का खतरा बना हुआ है। जसरासर पुलिस थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे के जांच एएसआई भंवर लाल को सौंपी गई है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

अतिरिक्त वजन पर होगी कार्रवाई

पूगल । कृषि विपणन विभाग ने बारदाना तौल में अतिरिक्त वजन लेने पर सख्त कार्रवाई के आदेश जारी किए हैं। यह कदम भारतीय किसान संघ की शिकायत के बाद उठाया गया है, जिसमें किसानों से अनाज खरीद के दौरान व्यापारियों द्वारा अधिक वजन लेने की बात कही गई थी। विभाग के संयुक्त निदेशक दयानंद सिंह ने जिले की सभी मंडियों और गौण मंडियों के सचिवों को निर्देश दिए हैं। आदेश में कहा गया है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों से जिन्स खरीदते समय केवल खाली बारदाना के वजन के बराबर ही तौल लिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि भौतिक निरीक्षण के दौरान किसी भी फर्म द्वारा बारदाना तौल से अधिक वजन लिया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष शंभू सिंह राठौड़ ने बताया कि जिले की मंडियों और सरकारी खरीद केंद्रों पर बारदाना तौल से 200 से 500 ग्राम तक अतिरिक्त वजन लेने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं, जो अनुचित है। राठौड़ ने यह भी बताया कि मंडियों में बने कवर्ड ऑक्शन प्लेटफॉर्म पर व्यापारियों ने अतिक्रमण कर रखा है। ये प्लेटफॉर्म किसानों की जिन्स को सुरक्षित रखने के लिए बनाए गए है।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी बीकानेर विकास प्राधिकरण, बीकानेर

क्रमांक : LU2012 / BIK / 2026-27 / 100770 **लोक सूचना** दिनांक 29.04.2026

श्री M/S MANGLAM BUILDCON THROUGH AUTHORIZED SIGNATORY RAMBABU AGARWAL पुत्र श्री MADAN LAL AGARWAL जाति MAHAJAN निवासी 6TH FLOOR, APEX MALL, LAL KOTHI, TONK ROAD, JAIPUR ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकार के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

क्र.स.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)	क्षेत्रफल (हैक्टे.)
1.	किस्मीदेसर, बीकानेर (बीकानेर)	MANGLAM BUILDCON	775	6500	0.65
2.	किस्मीदेसर, बीकानेर (बीकानेर)	MANGLAM BUILDCON	776	41800	4.18
				कुल	4.83

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 29-04-2026 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी, बीकानेर विकास प्राधिकरण, बीकानेर